हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, मंगलवार, 2 अप्रैल 2024



11 हवन से पर्यावरण के साथ-साथ आत्मिक ...





12 पहाड़ी इलाकों की बारिश बनी नहरों की संजीवनी




## खबर संक्षेप

### रोडवेज कर्मचारी को किया सेवानिवृत्ति पर पौधा भेंट

**तोशाम।** गांव सरल में पर्यावरण प्रेमियों ने हरियाणा रोडवेज के कर्मचारी बलवीर नेहरा की सेवानिवृत्ति पर पौधा भेंटकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान पर्यावरण प्रेमी विक्की नेहरा, बलजीत नेहरा, मोनू नेहरा ने बताया कि बलवीर नेहरा गांव सरल के ही निवासी हैं और हरियाणा रोडवेज से सेवानिवृत हुए हैं। नेहरा हमेशा अपनी ड्यूटी के प्रति लग्नशील व निष्ठावान रहे हैं और ईमानदारी से अपनी ड्यूटी का निर्वहन किया है। इस मौके पर भारतीय वायु सेना में कार्यरत सतपाल नेहरा, राजेंद्र स्याहडवा ने फलदार पौधा भेंट कर नेहरा को शुभकामनाएं दी।

### अंग्रेजी प्रवक्ता को किया सेवानिवृत्ति पर सम्मानित

**बवानीखेड़ा।** लोहारी जाटू के राजकीय कन्या वमा विद्यालय से अंग्रेजी प्रवक्ता सुरेश कुमार वर्मा सेवानिवृत्त हो गए। वर्मा की सेवानिवृत्ति पर विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया,जिसमें विद्यालय प्राचार्या पुष्पा जोशी ने अपनी अहम भूमिका अदा की। वहीं वर्मा को ओब्जर्वर कृष्ण कुमार यादव ने सम्मानित किया। प्राचार्या ने बताया कि सेवानिवृत प्रवक्ता ने विभाग में अपनी अनूठी छाप छोड़ी है। वहीं यादव ने बताया कि सेवानिवृत्त प्रवक्ता की सेवा बेदाग रही है।

### स्टोर लिपिक अजीत और चौकीदार विजय सेवानिवृत्त

**भिवानी।** सेवा के प्रति समर्पित मेहनती व सेवाभावी स्टाफ सदस्यों का संस्था का नाम रोशन करने में अहम योगदान होता है। यह महाविद्यालय का परम सौभाग्य है कि उन्हें कर्मठ, ईमानदार व समर्पित स्टाफ मिला है। ये शब्द वैश्य महाविद्यालय के स्टोर लिपिक अजीत सिंह व चौकीदार विजय की सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह में वैश्य ट्रस्ट के प्रधान शिवरत्न गुप्ता ने कही। समारोह में ट्रस्ट के प्रधान गुप्ता, पवन बुवानीवाला, विजय किशन अग्रवाल, सुरेश गुप्ता, प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने अजीत सिंह व विजय कुमार को फूलमालाओं, शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कॉलेज में अजीत सिंह 35 वर्ष व विजय कुमार की 39 वर्ष सेवा की हैं।

### मां शाकम्भरी के मंदिर का शिलान्यास 3 को

**भिवानी।** गांव बांस रानीला में मौरवाला मौड़ पर आदिशक्ति मां शाकम्भरी के बनने वाले मंदिर का शिलान्यास 3 अप्रैल को होगा। मां कामाख्या शाकम्भरी तीर्थ धर्मार्थ चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष कार्तिक गिरि ने बताया कि ग्राम देवता हरनारायण दास ,कैमनाथ और महेन्द्र नाथ के आशीर्वाद से बनने वाले इस मंदिर का शिलान्यास श्रीमहंत अशोक गिरि ,आचार्य माईजी ,श्री वेदनाथ और चरण दास के कर कमलों से सम्पन्न होगा। इस अवसर पर आयोजित हवन में पूर्ण आहुति वित्तमंत्री जय प्रकाश दलाल डालेंगे। शिलान्यास अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में साधु-संतों के अलावा साथ लगते गांवों के भक्तजन भाग लेंगे।

# सीवरेज और पेयजल समस्या को लेकर उपायुक्त को सौंपा मांग पत्र

## एक वर्ष से सीवरेज व दो माह से पेयजल समस्या के चलते लोग परेशान : कौशिक

इन दिनों शहर के वार्ड 13, 14,15, 16 व 20 के तहत आने वाली विभिन्न कॉलोनियों के लोग पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा को भी तरस रहे

■ कई बार अधिकारियों को अवगत करवाने के बावजूद भी समस्या ज्यो की त्यो : जयवीर सिंह रंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त करवाए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

नागरिकों को मूलभूत सुविधा मुहैया करवाना सरकार व प्रशासन का दायित्व है, लेकिन इन दिनों शहर के वार्ड नंबर.13, 14,15, 16 व 20 के तहत आने वाली विभिन्न कॉलोनियों के लोग पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा को भी तरस रहे है, जिसके चलते नागरिक खासे परेशान है। यही नही इसके अलावा इन कॉलोनियों के लोग पिछले एक वर्ष से ठप्प सीवरेज व्यवस्था की समस्या से भी परेशान है।

इन समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों द्वारा कई बार प्रशासन को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारी क्षेत्रवासियों की समस्याओं को नजर अंदाज कर रहे है। इसी के विरोध में सोमवार को वार्ड नंबर.13, 14, 15, 16 व 20 के तहत आने वाली पीपली वाली जोहड़ी, अंबेडकर कॉलोनी, ढाणा रोड़, फूला देवी स्कूल, हनुमान गेट, कॉलोनी, सेवानगर, अमर नगर टिब्बा बस्ती के लोग एकत्रित हुए तथा उपायुक्त को मांगपत्र सौंपकर जल्द से जल्द से सीवरेज व पेयजल समस्या का समाधान करवाए जाने की मांग की। मांगपत्र सौंपते हुए पार्षद प्रदीप कौशिक, जयवीर सिंह रंगा, अंकुर कौशिक, मदन तंवर, अनिल चौहान ने बताया कि वार्ड नंबर.13, 14, 15,16 व 20 के तहत 8 कॉलोनियां आती है। जिसमें पिछले करीबन एक वर्ष से सीवरेज व्यवस्था ठप्प पड़ी है। उन्होंने कहा कि सीवरेज व्यवस्था ठप्प होने के कारण इन कॉलोनियों मे हमेशा सीवरेज का पानी भरा रहता है,जिसके कारण न कॉलोनियों में माहौल गंदगी व बदबूमय रहने के साथ ही बीमारी फैलने का भय भी बना हुआ है। इसके अलावा पिछले दो माह से इन कॉलोनियों के लोग पेयजल की बूद.बूंर को तरस रहे है। उन्होंने कहा कि यहां यहां पर पेयजल की भारी किल्लत बनी हुई है। यही नहीं यहां पर पानी के चार टैंकर भेजे जाते है, जबकि रिकॉर्ड में 20 चढ़ाए जाते है। उन्होंने कहा कि पेयजल व सीवरेज व्यवस्था से परेशान क्षेत्रवासी कई बार अधिकारियों को अवगत करवा चुके है, लेकिन अधिकारियों द्वारा कोई सुनवाई नही की जा रही। यहां तक कि पांच दिन पहले वार्ड पार्षदों द्वारा एसई को भी मांगपत्र सौंपा गया था,लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके चलते क्षेत्रवासियों में रोष बना हुआ है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अब जल्द ही उपरोक्त कॉलोनियों की सीवरेज व पेयजल समस्या का निदान नहीं हुआ तो आगामी रणनीति बनाने पर मजबूर होंगे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मनीराम, सूरजभान, अजीत फौजी, दलीप,राजेंद्र, प्रकाश, सतवीर, करण सिंह फौजी, बिशंबर थानेदार,सत्यवान, रवि, राज कपूर, कामरेड ओमप्रकाश सहित अनेक महिलाएं व पुरूष मौजूद रहे।



**भिवानी।** रोजगार सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

# रोजगार सहित अन्य मांगों को लेकर मजदूरों ने सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

मेटर मनरेगा मजदूरों की विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को बीआर अंबेडकर मेट मनरेगा मजदूर समिति के बैनर तले मजदूर सीईओ अश्वीर नैन से मिले तथा मांगपत्र सौंपते हुए मजदूरों की विभिन्न समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान की मांग पूरी किए जाने की गुहार लगाई।

इस मौके पर समिति अध्यक्ष दयाकिशन ने बताया कि मांगपत्र के माध्यम से मनरेगा मेट व मजदूरों को हरियाणा श्रम बोर्ड से जोड़ा जाए, पंचायत, ब्लॉक समिति व जिला परिषद द्वारा करवाने वाले कायारे् को मनरेगा मजदूरों द्वारा करवाए जाने, जिन पंचायतों में मनरेगा मजदूर नहीं है वहां पर काम का अधिकार बीआर अंबेडकर मेट मजदूर समिति को दिए जाने, डी प्लान के तहत जितने भी कार्य है वह समिति के माध्यम से करवाए जाने,पिछले 6-7 साल से मेट का कार्य करने वाले मनरेगा मेट को बिना किसी ठोस कारण ना हटाए जाने, मनरेगा मेट मजदूरों को कौशल रोजगार से जोड़े जाने, मनरेगा मजदूरों को 100 की बजाए 200 दिन का रोजगार दिए जाने, दो माह से पैंडिंग बकाया मजदूरी दिलवाए जाने, तत्काल प्रभाव से एस्टीमेट अपलोड करवाए जाने, दुर्घटना होने पर मनरेगा मजदूरों को आर्थिक सहायता दिए जाने तथा इस मैस्टरों में हाजिरी सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि उपरोक्त मांगों को लेकर समिति द्वारा पहले भी मांगपत्र सौंपने के अलावा अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके चलते मजदूरों में रोष बना हुआ है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की अनदेखी मजदूरों का शोषण का कारण बनी हुई है। उन्होंने कहा कि मांगपत्र के माध्यम से वे मांग करते है कि उपरोक्त मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। सीईओ ने आश्वासन दिया कि मजदूरों की समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष बीर सिंह,कमल सिंह, सैकेटरी अशोक कुमार, अनिल कुमार, पवन, राजेंद्र,अनिल, संजय मीडिया प्रभारी, राजेश, अमरजीत, निहाल सिंह, जयविंद्र,सोनू सहित अन्य मजदूर मौजूद रहे।

# प्रवेश उत्सव मना बच्चों को दिए शिक्षा संबंधी टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

मधमाधवी के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया। आयोजन में खंड शिक्षा अधिकारी भिवानी शिवकुमार तंवर बतौर मुख्यतिथि पहुंचे तथा अध्यक्षता स्कूल की मुख्याध्यापिका सुरेश रानी ने की। कार्यक्रम में बीईओ तंवर ने उपस्तिथ ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा सरकारी स्कूलों में दाखिला करवाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में सरकार ने सभी व्यवस्था दें रखी है।



**भिवानी।** बीईओ शिवकुमार तंवर का अभिनंदन करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

इस साथ ही बुनियाद परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया। इस मौके पर अंजू बाला, भूनेश्वरी, विजय मोहन, ललित कुमार, वीजेंद्र कुमार, दलबीर सिंह आदि उपास्थि थे।

# मॉडल संस्कृति स्कूल में मनाया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को प्रवेश उत्सव मनाया गया। कक्षा छठी, नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का बीईओ विजय प्रभा की मौजूदगी में प्राचार्य राजीव आर्य और स्टाफ सदस्यों ने तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

कक्षा छठी के विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम की पुस्तकों का सैट प्रदान कर उनके बेहतर शैक्षणिक सत्र की कामना की। विज्ञान अध्यापक कमल शर्मा ने कहा कि सीबीएसई से मान्यता प्राप्त लोहारू मॉडल संस्कृति स्कूल सभी सुविधाओं और गुणवत्ता से परिपूर्ण है तथा हिंदी व अंग्रेजी दोनों माध्यमों से शिक्षा प्रदान की जाती है। उत्सव के दौरान कमल शर्मा एवं महेश ने नवआगंतुक विद्यार्थियों के लिए मेरा विद्यालय में प्रथम दिवस शीर्षक से एक सेल्फी कार्नर बनाया, जिसका विद्यार्थियों ने काफी लुफ्त उठाया। प्राचार्य राजीव आर्य ने बताया कि मॉडल संस्कृति स्कूल में बहुत ही कम फीस पर विद्यार्थियों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान की जाएगी। इस मौके पर अनिल सैनी, राजीव वत्स, सुरेश कुमार, सुमित श्योराण, सुनीता, अन्नु, राजेश कुमारी, बबीता रानी, रचना सोनी, ईश्वर सिंह आदि मौजूद थे।



**भिवानी।** लोहारू राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में नवआगंतुक विद्यार्थियों का स्वागत करते बीईओ व स्कूल स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

### सरकारी स्कूलों में शिक्षा के साथ दिए जाते संस्कार: सिवाच

**भिवानी।** गांव मिताथल के राजकीय कन्या वमा विद्यालय की प्राथमिक पाठशाला में बीडीसी सदस्य कुसुम सिवाच ने स्कूल में कक्षा पहली से पांचवीं तक में प्रवेश लेने वाली नई छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया तथा परीक्षा परिणामों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल इंचार्ज सुख वर्षा ने की। कार्यक्रम में कार्यकारी प्राचार्य कृष्ण कुमार, जगतसिंह, नरेश वर्मा, एसएमसी प्रधान मीनू व स्कूल स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। बीडीसी सिवाच ने कहा कि पढ़ाई व सुख सुविधाओं के क्षेत्र में सरकारी स्कूल प्राइवेट स्कूलों से कम नहीं हैं, क्योंकि सरकारी स्कूलों में शिक्षा के साथ साथ संस्कार भी दिए जाते हैं।

# एसडीएम ने लिया सरसों खरीद का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने अनाज मंडी तोशाम का दौरा कर सरसों खरीद कार्य का जायजा लिया। एसडीएम ने खरीद कार्य से सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित कर लें कि किसानों को फसल बेचने में कोई परेशानी न आए।

उल्लेखनीय है कि अनाज मंडी तोशाम में सरसों की खरीद की जा रही है। एसडीएम मनोज कुमार ने खरीद कार्य से जुड़े सबंधित अधिकारियों को सरसों खरीद का कार्य सुचारू रूप से चलाने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित करें कि नमी मापक मशीन मापतोल मशीन सहित सभी यंत्र दुरूस्त हों। झार लगाने का कार्य भी ठीक से करेंए किसानों को फसल बिक्री में बेवजह कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए। एसडीएम ने कहा कि सबंधित अधिकारी तिरपाल,बारदाना सहित सभी आवश्यक सामग्री रखना सुनिश्चित करें। एसडीएम ने मार्केट कमेटी सचिव को निर्देश दिए कि मंडी परिसर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। मंडी में फसल बिक्त्री के लिए किसानों के समक्ष पेयजल आदि की दिक्कत न आए।



**तोशाम।** मंडी में सरसों खरीद की जानकारी लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

### साफ-सुथरी फसल मंडी में लेकर आने की अपील की

एसडीएम ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि किसानों को मंडी में फसल बिक्री के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने किसानों से की कि वे फसल को सुखाकर व साफ सुथरी कर लाएं।

### अखिल भारतीय किसान सभा ने अनाजमंडी का किया दौरा

बहल। अखिल भारतीय किसान सभा की टीम ने बहल अनाज मंडी का दौरा कर खरीद प्रक्रियाओं का जायजा लिया। किसान नेताओं ने किसानों से व खरीद अधिकारियों से बात की। उन्होंने मंडी में खरीद शुरू नहीं होने पर रोष जताया व इसे सरकार की असफलता करार दिया। सोमवार को अखिल भारतीय किसान सभा के नेता दयानंद पूनिया, बलवान बागड़ी, सुकरम जागलान, अंतर कस्वां, रामचंद्र सहित अन्य नेताओं ने बहल अनाजमंडी का दौरा किया। उन्होंने कहा कि किसानों व खरीद अधिकारियों से जानकारी मिली है, उनके अनुसार बहल मंडी में करीब 50,000 क्विंटल सरसों आ चुकी है। अभी तक एक भी दाना खरीदा नहीं जा सका है, ऐसे में सरकार की नीयत सही नहीं लग रही है और सरकार किसानों को परेशान करने पर तुली है। किसानों ने कहा कि टोकन प्रक्रिया बहुत धीमी है घंटों भूख प्यासे लाइन में लगना पड़ रहा है।

# अखिल भारतीय किसान सभा ने लंबित मांगों को लेकर एडीसी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अखिल भारतीय किसान सभा जिले का प्रतिनिधि मंडल अतिरिक्त उपायुक्त हर्षित कुमार से मिला तथा जिले की विभिन्न मंडियों में सरसों की खरीद प्रक्रिया को तेज करने तथा हैफेड द्वारा खरीदी गई सरसों का शीघ्र उठान करने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया।

प्रतिनिधि मंडल में किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल, उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश, ब्लॉक प्रधान नरेंद्र धनाना व महाबीर फौजी शामिल थे। उन्होंने कहा कि सरसों की खरीद के बाद ढेर लगे होने के कारण उठान नहीं होने के कारण किसान अपनी फसल मंडी में नहीं ला सकते और उन्हें परेशानी उठानी पड़ती है। एडीसी ने अपनी सहमति देते हुए शीघ्र उठान का आश्वासन दिया तथा ज्ञापन की मांग के अनुसार किसानों के लिए गर्मी से बचने के लिए सैल्टर तथा पीने के पानी की व्यवस्था करने का भरोसा दिलवाया।



**भिवानी।** एडीसी को किसानों की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते किसान सभा के पदाधिकारी।

## शहर में बिना लाइटों के नहीं रहेगी कोई गली : भवानी प्रताप

# दूधिया रोशनी में नहाएगी छोटी काशी, लाइटें बदलने का कार्य शुरू

■ नगरपरिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने शुरू करवाया लाइटें बदलने का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अब शहर की कोई गली या चौक दुधिया रोशनी से महरूम नहीं रहेगा। चूंकि नगरपरिषद ने शहर के सभी पुरानी लाइटों को बदलने तथा जिन इलाकों में लाइटें नहीं है। वहां पर लाइटें लगाने का कार्य शुरू कर दिया है।

जल्द ही छोटी काशी दुधिया रोशनी में नहाने लगेगी। सोमवार को लाइटें बदलवाने का कार्य नगरपरिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने कराया। नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि शहर की कोई गली या चौक व चौराहा ऐसा है जहां पर अभी तक लाइट नहीं थी। वहां पर नई लाइटें लगवाई जाएंगी। इनके अलावा शहर में जितनी भी पुरानी लाइटें है। उन सभी को बदल कर उनकी जगह एलईडी लगवाई जाएगी। ताकि शहर को दुधिया रोशनी से जगमग किया जा सके। जिन गलियों में स्ट्रीट लाइटें नहीं है।

उन्होंने बताया कि लाइट लगवाने के लिए पहले सर्वे करवाया था और साथ ही लाइटें लगवाने के लिए संबंधित पार्षद से बातचीत की जा रही है और उनसे गलियों की संख्या ली जा रही है। ताकि लाइटों से शहर का कोई भी हिस्सा अछूता न रह पाए। उन्होंने बताया कि जल्द ही शहर की तस्वीर बदली बदली सी होगी। लाइटों के लगने के बाद शहर की सुंदरता व स्व छता को पंख लग जाएंगे। बताते है कि शहर के सभी बड़े चौक व चौराहों पर सोडियम वाली पीली लाइटें लगी है। उनको बदलने का कार्य आज से ही शुरू करवा दिया गया है। उनकी जगह एलईडी लाइटें लगवाई जाएगी जा रही है। चौक पर लगी हाई मास्क लाइटों को बदलने की कवायद शुरू कर दी है। इनके अलावा पार्क, मुख्य मार्ग, बाजारों में भी लाइटों को बदला जा रहा है। इन सभी लाइटों को हटवा कर उनकी जगह एलईडी लाइटें लगवाई जा रही है। पूरे शहर में एलईडी लाइटें लगने के बाद दुधिया रोशनी से शहर जगमगाने लगेगा।



### जितनी जरूरत होगी उतनी लाइटें लगवाई जाएंगी

सबसे पहले शहर में करीब साढे छह हजार के आसपास पुरानी लाइटें है। इनको बदला जाएगा। इनकी जगह नई लाइटें लगवानी शुरू कर दी है। उसके बाद पूरे शहर में जहां पर भी जरूरत महसूस हुई वहीं पर नई लाइटें लगवाई जाएगी। फिलहाल नगरपरिषद पूरे शहर में 20 हजार स्ट्रीट व अन्य तरह की लाइटें लगवाने का टारगेट लेकर चल रहे है। अगर इससे यादा जरूरत हुई तो अतिरिक्त लाइटें भी खरीदी जा सकेगी। ताकि शहर का कोई भी हिस्सा में लाइटों की कमी न रह पाए। यहां यह बताते चले कि नगरपरिषद ने शहर की लाइटों को बदलवाने की योजना करीब तीन माह पहले तैयार कर रखी थी और लाइटों की खेप भी पहुंच चुकी थी,लेकिन तकनीकी अड़चन के चलते लाइटें लगवाने का कार्य देरी से शुरू हो पाया है। अब जल्द ही शहर दुधिया रोशनी से नहाने लगेगा।



**भिवानी।** शिविर का शुभारम्भ करते मुख्यातिथि।

### दादा सांगू की स्मृति में शिविर का आयोजन, 33 यूनिट रक्त एकत्रित

**चरखी दादरी।** मॉडल दादरी जिला बनाओ संगठन ने गांव झोझूकलां में रक्तदान शिविर दादा सांगू की स्मृति में लगाया। शिविर की अध्यक्षता सरपंच अशोक व मंदीप सांगवान ने की। बतौर मुख्यतिथि गोधडिया खाप 13 प्रधान मास्टर रामनिवास शर्मा ने शिरकत की। शिविर में एम्स बाढ़सा की टीम ने सेवा दी व 33 यूनिट रक्त एकत्रित किया। युवाओं व ग्रामीणों ने रक्तदान में सहयोग दिया। रक्तदाताओं को बैज लगाकर हौसला अफजाई की। अधिवक्ता अनिल साहू ने कहा कि रक्त को किसी वैज्ञानिक या चिकित्सक द्वारा प्रयोगशाला में तैयार नहीं किया जा सका है, एक मानव ही दूसरे के लिए इसे दान कर सकता है,इसलिए युवा अधिक से अधिक रक्तदान महादान का संकल्प लेकर आगे बढ़े। इस अवसर पर रविंदर सांगवान पंच, परवीन, नरेंद्र, देवेंद्र, जितेंद्र, संदीप, सुमित, किरण, जयभगवान, अजीत, सतीश, राकेश, श्रीराम, राजबीर आदि मौजूद रहे।

कुछ लोग अपने रिश्ते को बहुत ज्यादा तरजीह देते हैं। रिश्ते जरा से कमजोर हुए नहीं कि ऐसे लोग बहुत विचलित हो जाते हैं। कभी-कभी तो इनके मन में रिश्तों को लेकर असुरक्षा की भावना गहरे तक बैठ जाती है। ये अपनों के प्रति हमेशा सशंकित रहते हैं कि हम इन्हें खो ना दें। लोगों के मन में इस तरह रिश्तों को लेकर असुरक्षा की भावना क्यों आती है? अपने रिश्ते कैसे हमेशा सहेजे रखें? बहुत जरूरी सलाह।



कवर स्टोरी
विचित्रा दर्गन आनंद
रिलेशनशिप एक्सपर्ट

# रिश्तों में क्यों आती है असुरक्षा की भावना

यह अजीब-सा विरोधाभास है कि व्यक्ति जिससे सबसे अधिक जुड़ाव महसूस करता है, उसके मन में उसी के लिए सबसे ज्यादा संशय और सवाल भी उठते हैं। यहां असली समस्या रिश्तों की नहीं, मन की उलझनों से जुड़ी होती है, जिन्हें सही वक्त पर सुलझाना बहुत जरूरी है, अन्यथा इनकी वजह से स्ट्रेस और एंग्जायटी जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याएं पैदा हो जाती हैं। कोई व्यक्ति अपने रिश्तों में स्वयं को क्यों असुरक्षित महसूस करता है, ऐसी जटिल मनोदशा से बाहर निकलने के लिए क्या करना चाहिए, हम सभी को इसे जरूर जानना-समझना चाहिए। इस समस्या से कोई भी हमारा अपना या हम स्वयं भी घिर सकते हैं। देखा जाता है, महिलाएं इस तरह की समस्या से ज्यादा घिरती हैं, क्योंकि वे अधिक भावुक होती हैं, समाज में भी पुरुषों की तुलना में उनके अनुकूल परिस्थितियां कम होती हैं।







### दांपत्य जीवन की उलझनें

आमतौर पर ऐसा देखा जाता है कि बाहरी रंग-रूप और शैक्षणिक योग्यता आदि को लेकर अगर कोई व्यक्ति अपने जीवनसाथी की तुलना में खुद को कमतर महसूस करता है तो उसके मन में हमेशा इस बात की चिंता सताती रहती है कि कहीं मेरा पार्टनर मुझे नापसंद तो नहीं करता? ऐसे में पति या पत्नी दोनों में से किसी एक के मन में यह डर बना रहता है कि कहीं मेरा जीवनसाथी मुझे छोड़ तो नहीं देगा?

**क्या करें :** आप दोनों में से जिसके मन में रिजेक्शन का भय हो, उसे अपने साथी से खुलकर बात करनी चाहिए। दोनों की यह जिम्मेदारी बनती है कि आप अपने पार्टनर के मन में छिपे डर को दूर करने की कोशिश करें, उसकी कमजोरियों को नजरअंदाज करते हुए अच्छी आदतों की प्रशंसा करें और अपनी पॉजिटिव बातों से अपने जीवनसाथी का मनोबल बढ़ाएं।



### पैरेंटिंग से जुड़ी असुरक्षा

अधिकतर पैरेंट्स अपने टीनएजर बच्चों के व्यक्तित्व और व्यवहार के प्रति सशंकित रहते हैं। उन्हें हमेशा इस बात की चिंता सताती है कि पीयर प्रेशर के कारण कहीं हमारे बच्चे गलत आदतों के शिकार ना हो जाएं, फिर कुछ समय के बाद बच्चे जब करियर में सैटल हो जाते हैं, तो पैरेंट्स को यह चिंता सताती है कि हमारे बच्चे अगर जॉब की वजह से दूसरे शहरों में चले जाएंगे, तो बुढ़ापे में हमारी देखभाल कौन करेगा? युवा हो रही संतान के पैरेंट्स के मन में स्वाभाविक रूप से ऐसी बातें आती हैं।

**क्या करें :** ऐसी समस्या से बचने के लिए आप छोटी उम्र से ही अपने बच्चों के साथ नियमित रूप से बातचीत की आदत विकसित करें, उनके लिए अनुशासन के स्पष्ट नियम बनाएं, उनके साथ आपसी विश्वास और प्यार का रिश्ता कायम करें, ताकि वे आपसे अपनी समस्याओं पर खुलकर बातचीत कर सकें। आपके बच्चे आपको इनसिक्योर नहीं फील होने देंगे।

### प्रोफेशनल संबंधों से जुड़ी परेशानियां

कॉन्फिडेंस की कमी के कारण प्रोफेशनल जीवन में कई बार लोगों को रिजेक्शन की प्रॉब्लम झेलनी पड़ती है। इससे उनके मन में हीन भावना पनपने लगती है और ऑफिस में वे दूसरों की तुलना में स्वयं को इनसिक्योर महसूस करते हैं।

**क्या करें :** ऐसी स्थिति में अपनी कमजोरियों के बारे में सोचकर चिंतित होने के बजाय सचेत तरीके से उन्हें दूर करने की कोशिश करें और सकारात्मक सोच रखने वाले लोगों से निकटता बढ़ाएं।

### दोस्ती में बढ़ती दूरियां

कुछ लोग अपने दोस्तों पर भावनात्मक रूप से बहुत ज्यादा निर्भर होते हैं, वे अपने हर निर्णय उनसे पूछ कर लेते हैं, ऐसे में जब दोस्त उनके साथ नहीं होता तो उन्हें बहुत घबराहट होती है। कई बार दोस्त की नाराजगी के डर से वे उसकी हर बात मान लेते हैं और उससे भी ऐसी ही उम्मीद रखते हैं। ऐसे में जब कभी व्यस्तता की वजह से दोस्त उनके लिए समय नहीं निकाल पाते तो ऐसे लोग यह सोचकर चिंतित हो जाते हैं कि अब हमारी दोस्ती खतरे में पड़ गई है।

**क्या करें :** दोस्तों के प्रति ज्यादा पजेसिव होने की आदत से बचें, उन्हें थोड़ा पर्सनल स्पेस दें, खुद भी नए लोगों की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाएं, खुश रहें और खुशियां बांटें।

प्रस्तुति : विनीता



शहद या हनी ऐसा नेचुरल प्रोडक्ट है, जो स्किन केयर में बहुत यूजफुल होता है। हर तरह की स्किन के लिए परफेक्ट हनी को अगर सही तरीके से अप्लाई किया जाए तो कई तरह की स्किन प्रॉब्लम्स को दूर किया जा सकता है। साथ ही इससे स्किन सॉफ्ट और ग्लोइंग भी बनती है। आपके लिए कुछ यूजफुल टिप्स।

# ग्लोइंग स्किन के लिए रेग्युलर यूज करें हनी



स्किन केयर
शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

शहद हेल्थ के लिए ही नहीं ब्यूटी के लिए भी फायदेमंद होता है। आपका स्किन टाइप कैसा भी हो, शहद की मालिश से उसमें सॉफ्टनेस आती है और इसकी ड्रायनेस कम होती है। शहद का इस्तेमाल मास्क से लेकर नेचुरल मॉयश्चराइजर के रूप में किया जा सकता है। इससे स्किन हाइड्रेट होती है और अट्रैक्टिव दिखती है।

### होते हैं कई उपयोगी गुण

शहद का इस्तेमाल ऑयली ही नहीं नॉर्मल स्किन पर भी किया जा सकता है। स्किन से जुड़ी कई समस्याओं के लिए शहद काफी फायदेमंद होता है। शहद में आयरन, कैल्शियम, पोटेशियम, सोडियम, अमीनो एसिड, कई एंजाइम्स, विटामिन बी, सी और मिनरल्स पाए जाते हैं। शहद एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट भी है। इसे स्किन पर सही तरीके से रेग्युलर अप्लाई करने से एजिंग साइन की समस्या भी नहीं होती है। अगर आप चाहती हैं कि आपकी स्किन सॉफ्ट रहे तो शहद का उपयोग कर सकती हैं। यह स्किन को न्यूट्रिशन देता है। स्किन पर शहद लगाने से उसमें निखार आता है।



### ऐसे करें अप्लाई

- स्किन पर निखार लाने के लिए दो चम्मच शहद में चुटकी भर हल्दी पावडर मिलाकर बने फेस पैक को 20 मिनट चेहरे पर लगाने के बाद ताजे पानी से धो डालिए। इससे रंगत में निखार आएगा। इसे हफ्ते में दो बार लगा सकती हैं।
- कांच के बाउल में समान मात्रा में शहद और नीबू रस मिलाकर इसमें चुटकी भर हल्दी पावडर मिलाकर इस तरह मिश्रण बनाएं कि स्मूथ पेस्ट बन जाए। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाकर आधे घंटे बाद ताजे पानी से धो डालिए। इससे स्किन सॉफ्ट बनती है।
- अगर आप चेहरे पर दाग-धब्बों से परेशान हैं तो शहद काफी मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए एलोवेरा जैल, हल्दी पावडर और शहद को मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाकर इसे प्राकृतिक रूप में सूखने दें और बाद में ताजे, सामान्य पानी से धो डालें।
- एक चुटकी घर में पीसी हुई हल्दी, एक चम्मच शहद और उसमें दो चम्मच कच्चे दूध को मिलाकर चेहरे पर लगा लीजिए और 10 मिनट बाद ताजे पानी से धो डालिए। आप दूध में केसर भी मिला सकती हैं। ध्यान रखें कि हल्दी घर की पीसी ही हो। इसके नियमित सेवन से फेस पर ग्लो आएगा और स्किन सॉफ्ट हो जाएगी।
- फेस के साथ बॉडी के अन्य स्किन पर ग्लो लाने के लिए दो-तीन चम्मच कच्चा दूध और इतनी ही मात्रा में शहद लेकर इसका मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे, गर्दन के साथ शरीर के खुले भागों पर लगाएं और अपनी अंगुलियों से सर्कुलर मोशन में मालिश करें। आधे घंटे बाद पानी से धो डालें। आप इसे दिन में दो बार अप्लाई कर सकती हैं।
- अगर आपकी स्किन ड्राय है तो एक चम्मच ताजे दही में आधा चम्मच कच्चा शहद मिलाकर बने मिश्रण को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाकर 10-15 मिनट तक मालिश करें। इसे थोड़ी देर बाद पानी से धो डालें। आप इसे दो-तीन दिनों तक नियमित रूप से लगा सकती हैं। यह आपकी त्वचा की रंगत में निखार लाने के साथ ही उसको बहुत कोमल भी बनाएगा।
- शहद से बना मास्क, स्किन को कई तरह से लाभ पहुंचाता है। इसके लिए चोकर में शहद और गुलाब जल डालकर मास्क बना लें। इस मास्क को अपने फेस पर अच्छे से लगाकर सूखने तक लगा रहने दें और बाद में ताजे साफ पानी से धो डालें।

प्रस्तुतिः सहेली फीचर्स

एडवाइस / शिखर चंद जैन

# ऐसे रहेंगी आप हमेशा पॉजिटिव

अकसर मोटिवेशनल स्पीकर, साइकोलॉजिस्ट और बिहेवियर एक्सपर्ट हमें पॉजिटिव रहने के लिए और मन को प्रफुल्लित रखने की सलाह देते हैं। इसके लिए हम क्या करें? आइए, जानते हैं कुछ आसान से उपाय।

**सुबह की शुरुआत हो एनर्जी के साथः** जब आप सुबह उठती हैं, जिस सोच के साथ अपनी दिनचर्या शुरू करती हैं, यही सोच आपके पूरे दिन को अच्छा या बुरा बनने में बड़ी भूमिका निभाती है। सुबह हमेशा एक एनर्जी के साथ और शांत मन से जागें। अपने इष्ट देवों का स्मरण करें। प्रार्थना करें। प्राणायाम करें। आज क्या करेंगी, यह तय करें। देर तक बिस्तर पर न रहें। सुबह जल्दी उठ कर अपने तन-मन को जागृत और सक्रिय करें।

**लोगों के कमेंट्स को करें नजरअंदाजः** लोग क्या कहेंगे, क्या सोचेंगे। अमुक व्यक्ति ने मेरे बारे में ऐसा क्यों कहा? जरा सोचिए, इन बातों से आपको क्या फर्क पड़ने वाला है? कुछ भी नहीं। इन कमेंट्स पर अगर आप ध्यान देंगी तो आपका ध्यान अपने मूल लक्ष्य से भटक जाएगा। आप लोगों से कदम-कदम पर उलझेंगी। इससे आपके भीतर नेगेटिविटी भरेगी। मन उदास रहेगा और आपकी प्रोडक्टिविटी प्रभावित होगी। बेहतर होगा कि लोगों के कमेंट्स को हवा में उड़ाना सीखें और अपने काम पर ध्यान दें।



**अपनी सोच का दायरा बढ़ाएंः** आप अपनी सोच को जितना व्यापक करेंगी, नई तकनीक और नई बातों के प्रति जानकारी हासिल करने की प्रवृत्ति रखेंगी, उतना ही आप बेकार और नेगेटिव बातों से दूर रहेंगी, क्योंकि तब आपको फिजूल के लोगों और उनकी बेकार की बातों पर ध्यान देने के लिए वक्त ही नहीं मिलेगा। जब आपकी सोच और ज्ञान का दायरा बढ़ेगा तो आप किसी बात को कई आयामों से सोचने लगेंगी। नतीजतन नेगेटिविटी आपके दिमाग पर हावी नहीं हो सकेगी।

### खुद पर दें ध्यान

**अकसर हम** दूसरों को नियंत्रित करने में या उन चीजों को बदलने में अपनी एनर्जी नष्ट करते हैं, जो हमारे बस में नहीं हैं, इससे हमारा मूड खराब होता है। इसी प्रकार हम दूसरों को उनकी मुसीबत के समय उन्हें तरह-तरह की सलाह और उपदेश देते हैं, लेकिन जब अपने पर बीतती है तो घबरा जाते हैं। उदासी में डूबकर हार मानकर बैठते हैं। कहा भी गया है 'परोपदेशो पांडित्यम'। अच्छा होगा कि हम अपने आस-पास के लोगों की परिस्थितियों पर सवाल उठाने के बजाय उनसे सबक लें। दूसरों को सुधारने में वक्त बर्बाद न करें बल्कि खुद को उन्नत करने के लिए तत्पर रहें।

इंटीरियर / मधु सिंह

मास्टर बेडरूम या घर का मेन बेडरूम अगर वास्तु के अनुसार व्यवस्थित होगा तो इसका असर उसमें सोने वाले के स्वास्थ्य और घर की समृद्धि पर पड़ता है। कैसा हो आपके बेडरूम का इंटीरियर, यूजफुल सजेशंस।


# ऐसा हो आपका मास्टर बेडरूम

मास्टर बेडरूम का मतलब है परिवार के सबसे बड़े सदस्य या मुखिया का बेडरूम। किसी भी परिवार में घर के अर्निंग मेंबर के रहने और सोने का कमरा खास मायने रखता है। उसका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य घर में सुख और समृद्धि लाता है। वास्तु के अनुसार घर के मास्टर बेडरूम का इंटीरियर कैसा होना चाहिए, बता रहे हैं आपको।

**दिशाएंः** वास्तुशास्त्र के अनुसार मास्टर बेडरूम ऐसी दिशा में होना चाहिए, जहां पर सूर्य की किरणों का सबसे ज्यादा असर रहता है ताकि वहां रहने वाले व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए अनुकूल माहौल मिल सके। इस बेडरूम को दक्षिण पश्चिम दिशा में इस तरह बनाया जाना चाहिए कि सोते समय उसका सिर दक्षिण दिशा में और पैर उत्तर दिशा में हों, क्योंकि वैज्ञानिक रूप से उत्तर दिशा चुंबकत्व की दिशा है, ताकि यह चुंबकत्व व्यक्ति के शरीर से लगातार संबंध को साधे रहे। मास्टर बेडरूम के पलंग के सिरहाने की ओर ठोस दीवार होनी चाहिए। सिर के पीछे कोई भी खिड़की या दरवाजा नहीं होना चाहिए।

**प्रकाश व्यवस्थाः** मास्टर बेडरूम हो या घर के किसी दूसरे सदस्य का बेडरूम, इस कमरे में हल्का प्रकाश रहना चाहिए। घर के दूसरे कमरों की तुलना में यहां कम रोशनी हो। नाइट लैंप की रोशनी के लिए हल्के नीले, दूधिया, हरे रंग का बल्ब इस्तेमाल करें। कभी भी मास्टर बेडरूम में लाल रंग का बल्ब न लगाएं, क्योंकि वास्तुशास्त्र में माना जाता है कि लाल रंग शरीर में अग्नि तत्व की वृद्धि करता है।





**फर्नीचरः** मास्टर बेडरूम में वास्तु के अनुकूल ही फर्नीचर का चयन करना चाहिए। कमरे में भारी भरकम फर्नीचर नहीं होना चाहिए। बेड और साइड टेबल लकड़ी के होने चाहिए। रॉट आयरन या किसी दूसरी धातु के पलंग दिखने में भले अच्छे लगते हों, लेकिन इनके सिरहाने का डिजाइन ऐसा होता है कि इसका आधार ठोस नहीं होता, जिसके कारण पलंग पर बैठने के दौरान पीठ को कोई आधार नहीं मिलता। इसलिए पलंग लकड़ी का होना चाहिए। बेडरूम में रखे दूसरे फर्नीचर के कोने शार्प नहीं होने चाहिए ताकि कमरे में इनके आस-पास से चलते-फिरते समय किसी को चोट न लग जाए।

**रंगों का चयनः** मास्टर बेडरूम चूंकि परिवार के मुखिया के लिए होता है, जो परिवार की सुख, समृद्धि और पूरे परिवार का आधार होता है। उसके मानसिक शांति और दिली सुकून का होना जरूरी है ताकि घर में अच्छा माहौल रहे। इस बेडरूम में गहरे लाल, गहरे हरे या काले रंगों का इस्तेमाल किसी भी चीज में नहीं करना चाहिए। कमरे में हल्के, आकर्षक रंगों का चयन करें। छत सफेद रंग की होनी चाहिए। गहरे रंग भड़कीले लगते हैं। बेडरूम की सौम्यता के लिए हल्के रंग नींद में बाधा उत्पन्न नहीं करते।

**कम हो सामानः** बेडरूम में काम-काज से संबंधित चीजें, कागजात, ऑफिस की फाइलें जैसी चीजें शोकेस में सजाकर नहीं रखनी चाहिए। इस कमरे में किताबों से भरी अलमारियां, शेल्फ, स्लैब्स, कमरे के माहौल को भारी बनाते हैं। सोने के दौरान बार-बार इन्हीं चीजों पर ध्यान जाने के कारण नींद भी अच्छी तरह से नहीं आती। मास्टर बेडरूम ही नहीं घर के किसी भी बेडरूम में भले ही लोग सुविधा के लिए टीवी लगाकर रखते हैं। देखा जाए तो इससे नींद में बाधा उत्पन्न होती है। इसके अलावा टेलिविजन से निकलने वाली इलेक्ट्रोमैगनेटिक तरंगें भी वहां के पर्यावरण को प्रदूषित करती हैं। इसके अलावा बेडरूम में जलती अंगीठी या हीटर, वाटर बॉडीज नहीं होनी चाहिए। ज्यादा बड़ी खिड़कियां, दरवाजे या बड़े कूलर भी बेडरूम में न रखें।

बी-अलर्ट / नम्रता नदीम


आज लगभग हर कोई सोशल मीडिया पर एक्टिव है। महिलाएं भी एक्टिव हैं। इंटरनेट के माध्यम से उनके लोगों से रिश्ते बन जाते हैं। इस वर्चुअल रिलेशन में वे छली न जाएं, किसी मुसीबत में न फंसें, इसलिए बहुत जरूरी है, महिलाएं कुछ सावधानियां बरतें।

# वर्चुअल दिल्लगी से रहें सावधान

इन दिनों अधिकतर मध्यवर्गीय व्यक्ति दिन के अपने कई घंटे वर्चुअल एक्टिविटीज में गुजारता है, इसलिए वर्चुएलिटी का हमारी वास्तविक जिंदगी का हिस्सा होना स्वाभाविक है। किसी से इश्क या लगाव भी इसी गतिविधि का नतीजा है। लेकिन महिलाओं के लिए साइबर दुनिया अभी पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। इसलिए कुछ बातें जाननी जरूरी हैं।

**खतरों से अनभिज्ञः** यह सही है कि आज के दौर में वर्चुअल लाइफ महिलाओं की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा भले बन गई हो, लेकिन इसके लिए अकसर उनमें जरूरी समझदारी नहीं होती। इस दुनिया में रिश्तों को लेकर कैसी सावधानी बरतनी है, क्या-क्या खतरे हैं, इससे अधिकांश महिलाएं परिचित नहीं हैं।

**साइबर इश्क की कड़वी हकीकतः** हम आपको एक उदाहरण के जरिए साइबर दुनिया की वास्तविकता से परिचित करना चाहेंगे। मान लीजिए किसी अंजान शख्स से आप ऑनलाइन संपर्क में आती हैं। वह आपको प्रेमपत्र लिखता है। आपकी भी उसमें दिलचस्पी बढ़ती है। लेकिन एक मिनट बाद ही वह लापरवाही से ऑफलाइन होते हुए कहता है, 'जाना होगा, बाद में बात करेंगे।' आपकी प्रतिक्रिया जाने बगैर वह संपर्क तोड़ देता है। अब सारा दिन आप यही सोचती हैं कि वह ऑनलाइन कब आएगा? आप जानती हैं कि यह सब अतार्किक है, लेकिन वह व्यक्ति जो वर्चुअल वर्ल्ड के दूसरे छोर पर बैठा है, उसने आपके दिल-दिमाग में हलचल पैदा कर दी है। और अब वह संपर्क भी नहीं कर रहा। यह साइबर वर्ल्ड के इश्क की कड़वी हकीकत है। इसे समझने की जरूरत है।





**नेगेटिव-पॉजिटिव पहलुओं पर दें ध्यानः** आप जब भी वर्चुअली किसी से जुड़ें तो इसके नेगेटिव और पॉजिटिव दोनों ही पहलुओं पर ध्यान दें। मसलन, जो आप देख रही हैं, क्या वही आपको मिल रहा है? हमेशा नहीं मिलता। यह बात दोनों पर ही लागू होती है। आप पर भी और आपके चैटिंग साथी पर भी। जो कुछ आप ऑनलाइन पोस्ट करती हैं, वह सही या गलत दोनों किस्म के लोगों को आकर्षित कर सकता है। आपकी दिलचस्पियों में भी वैरायटी होनी चाहिए ताकि विभिन्न किस्म की दिलचस्पियों वाले लोग आपकी प्रोफाइल की ओर आकर्षित हों। लेकिन भूलकर भी कभी अपना एड्रेस और फोन नंबर न दें। ई-मेल आईडी ही पर्याप्त है, क्योंकि इससे आपको अपनी मर्जी के अनुसार लॉगआउट करने की आजादी रहती है। अगर आप गलत किस्म के लोगों से बचना चाहती हैं तो यह बात लाजिमी तौर से ध्यान में रखें।

**धीरे-धीरे बढ़ें आगेः** जब भी किसी के साथ ऑनलाइन 'हाय-हैलो' की शुरुआत करें, तो आरंभ में गति धीमी और बातचीत कैजुअल रखें। सीधे और साधारण संदेशों से जो बातें आगे बढ़ती हैं, वह ही सही ढंग से दोस्ती/डेटिंग में डेवलप हो सकती है। इस बात का ध्यान रहे, बातचीत में हल्की-फुल्की फ्लर्टिंग तो ठीक है, लेकिन जो लड़का द्विअर्थी संदेश भेजे, उसे अलविदा कह दें, यानी दूरी बना लें, वरना आगे आप मुसीबत में फंस जाएंगी।

### पारिवारिक फोटो ना करें शेयर

**पर्सनल फोटोग्राफ** व्यक्तिगत संपत्ति होते हैं, इसलिए उन्हें परिवार के लिए ही सीमित रखें। इन फोटोग्राफ का वेब पर इस्तेमाल करना ठीक नहीं है। इसके अलावा आपकी पारिवारिक तस्वीरों में किसी की भी दिलचस्पी नहीं होती। भला कौन आपको जानने से पहले आपके परिवार की तस्वीरें देखना चाहेगा? इसलिए सब कुछ साधारण रखें और सिर्फ अपने अकेले की तस्वीर पोस्ट करें। हमेशा अपने अकाउंट को सिक्योर रखें ताकि कोई भी आपकी तस्वीर के साथ कुछ बदलाव न कर सके।

**खबर संक्षेप**

## महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर होंगे कार्यक्रम

**भिवानी।** शिक्षा के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के उपलक्ष्य में सात दिवसीय कार्यक्रम आयोजित होंगे। नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के उपलक्ष्य में संस्था, महात्मा ज्योतिबा फुले स्पोर्ट्स अकेडमी, सैनी विचार मंच व अन्य सामाजिक संस्थाओं के तत्वाधान में सात दिवसीय कार्यक्रम पांच से शुरू होंगे।

## आएएसएस संस्थापक डॉ. हेडगेवार को किया नमन

**भिवानी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की जयंती पर भाजपाईयों ने उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हेंश्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भाजपा नेता रीतिक वधवा ने कहा कि मातृभूमि को निःस्वार्थ-समर्पित ,भारतीय संस्कृति के परम उपासक ,राष्ट्र सेवा के प्रतीक, विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' जैसे वटवृक्ष की नींव रखने वाले डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की जयंती पर उन्हें नमन किया।

## श्रेष्ट चरित्र से दिव्य समाज का होगा निर्माण : वसुधा

**भिवानी।** श्रेष्ठ चरित्र से ही दिव्य समाज का निर्माण हो सकता है, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विवि की कादमा शाखा के तत्वावधान में दादी सेढ मेले में चैतन्य झांकी एवं चरित्र निर्माण आध्यात्मिक प्रदर्शनी में क्षेत्रीय प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए।

## शहादत देने वाले रामचंद्र विद्यार्थी को किया नमन

**भिवानी।** देश की आजादी के लिए 13 वर्ष की उम्र में शहीद होने वाले देवरिया के लाल रामचंद्र विद्यार्थी की शहादत एक मिसाल है, जनता बालक रामचंद्र की शहादत पर गर्व महसूस करती हैं। देश के प्रति उनका त्याग एवं बलिदान युवाओं को प्रेरित करता है, ये बात नगर परिषद पूर्व चेयरमैन मामनचंद प्रजापति व भारतीय प्रजापति हिरोज ऑर्गेनाइजेशन के सहसंस्थापक रमेश टांक ने सोमवार को शहीद रामचंद्र विद्यार्थी की जयंती पर खाड़ी महोल्ला स्थित टांक के निवास पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कही।

## 'किसान हित में अनेक योजनाएं लागू करवाई'

**भिवानी।** पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जजपा ने सरकार में भागीदारी निभाते हुए किसानहित में अनेक योजनाएं लागू करवाई। जजपा की सरकार में सफल भागीदारी के चलते किसानों को 48 घंटों में उनके खातों में फसलों का भुगतान हो जाता है। इसके अलावा अनेक योजनाओं को ऑनलाईन करवाया, जिनका लाभ प्रदेश की जनता घर बैठी उठा रही है। पूर्व उपमुख्यमंत्री सोमवार को शहर में अनेक स्थानों पर जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। चौटाला ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जजपा ने पूरी तरह से कमर कस ली है। सोमवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री ने करीबन दो दर्जन स्थानों पर जनसभाओं को संबोधित कर राव बहादुर सिंह के पक्ष में मतदान की अपील की।

### जी लिट्रा वैली स्कूल में हवन के साथ नए सत्र का शुभारंभ

# हवन से पर्यावरण के साथ-साथ आत्मिक शुद्धता भी होती : प्राचार्य

सभी विद्यार्थियों को यज्ञ का प्रसाद प्रदान कर नए सत्र की शुभकामनाओं के साथ, नई कक्षा में प्रवेश पाने पर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। हवन के साथ नए सत्र का शुभारंभ करवाते हुए।

जी लिट्रा वैली विद्यालय प्रांगण में सनातन संस्कृति के अनुरूप वैदिक विधि विधान से हवन द्वारा नए शैक्षणिक सत्र 2024.25 का प्रारंभ किया गया। विद्यालय प्रबंधन कार्यकारिणी के उपप्रधान सत्यनारायण मित्तल, ट्रस्टी अमन गर्ग, शैक्षणिक निर्देशिका दिव्या गर्ग, प्रशासक एसके हलवासिया, प्राचार्या डॉ. सुमन यादव, उपप्राचार्या डॉ. पुष्पलता यादव समते सभी शिक्षक.शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों ने हवन में आहुतियां डाली। सभी विद्यार्थियों को यज्ञ का प्रसाद प्रदान कर नए सत्र की शुभकामनाओं के साथ, नई कक्षा में प्रवेश पाने पर स्वागत किया गया। हिन्दी प्रवक्ता सुषमा सौपर्णा ने हवन के महत्व पर अपने विचार विद्यार्थियों के साथ साझा किए। प्रशासक एसके हलवासिया ने अपने वक्ततव्य में कहा कि शिक्षा में हवन का उदेश्य बच्चों में आस्था तथा स्वालंबन की स्थापना व सदविचारों को जागृत करना है। हवन से अपने आस.पास मौजूद नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होती है और वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। प्राचार्या डॉ. सुमन यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यज्ञ द्वारा सुगंधित पौष्टिक द्रव्यो की अग्नि एवं वायु के माध्यम से समस्त संसार के कल्याण के लिए वितरित किया जाता है। इससे पर्यावरण के साथ.साथ आत्मिक शुद्धता भी होती है। अपने सपनों को साकार करने के लिए सत्र के आरंभ से ही दृढ निश्चयी होकर निरंतर सत्त प्रयास करते रहना होगा। उन्होने बताया कि गत वर्ष का शैक्षणिक सत्र बहुत ही शानदार रहा। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## राजकीय विद्यालय मित्ताथल में करवाया हवन

**भिवानी।** वीर शहीद सुरेश कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मित्ताथल में प्रार्चाय राज रानी की देखरेख में हवन.यज्ञ के साथ प्रवेश उत्सव मनाया। हवन.यज्ञ में पंडित सुरेश शर्मा ने मंत्रोच्चारण के साथ आहुति डाली। स्कूली छात्रों ने सरकारी स्कूल में अधिक से अधिक बच्चों को दाखिला देने के लिए गांव में जागरूकता रैली निकाली। रैली गांव की प्रत्येक गलियों से निकलते हुए स्कूल प्रांगण में संपन्न हुई। रैली के दौरान उपस्थित अध्यापकों ने ग्रामीणों को अपने बच्चों का स्कूल में दाखिला दिलाने के लिए जागरूक किया तथा सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल अध्यापिका कृष्णा सिवाच, ऊमा, संदीप, कार्तिक, परमानंद, सुमित्रा, दीपिका, मंजू, अनीता, जोगेन्द्र, प्रमोद, कमलेश, कृष्णा, जमुना, ममता, अनीता व अन्नु समेत सभी स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## राजकीय वरिष्ठ कन्या माध्यमिक विद्यालय जाटू लुहारी में नववर्ष का हवन से किया शुभारंभ



**भिवानी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाटू लुहारी में प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्रवेश उत्सव में विद्यालय में हवन किया गया जिसमें आचार्य सुशील शास्त्री द्वारा हवन संपन्न करवाया गया। विद्यालय में आए नए छात्रों का तिलक लगाकर व फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। प्राचार्या पुष्पा जोशी ने बताया कि सभी विद्यालयों में प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है जिसका उद्देश्य विद्यालय में नामांकन बढ़ाना और ड्राप आऊट बच्चों को विद्यालय में लेकर आना है। प्राचार्या ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी छात्रा शिक्षा से वंचित न रहे। विद्यालय में नामांकन बढ़ाने व ड्राप आउट बच्चों की पहचान करने के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति, ग्राम पंचायत और ग्रामीण पूरेजोर शोर से कार्य कर रहे है।

## बच्चों को माला पहनाकर मनाया प्रवेश उत्सव




**भिवानी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पालुवास में आज प्राचार्य राजकुमार शर्मा की अध्यक्षता में प्रवेश उत्सव मनाया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष नागर ने शिरकत की। सर्वप्रथम प्राचार्य द्वारा संतोष नागर जी का बुके देकर स्वागत किया गया व अन्य विद्यालयों से आए अध्यापकों व बच्चों के अभिवावकों का भी स्वागत फूल माला से किया गया। प्रवेश उत्सव पर अपने संबोधन में संतोष नागर ने कहा कि यह शिक्षा का मंदिर सभी मंदिरों से ऊपर है यहां बच्चों को जो ज्ञान मिलता है वो किसी मंदिरों में या सत्संग में नहीं मिलता है। इस अवसर पर विधालय के प्राचार्य राजकुमार शर्मा ने बच्चों का स्वागत करते हुए कहा कि यहां बच्चों को पिछले स्कूल से भी अच्छा वातावरण मिलेगा। बच्चों का फूल माला के साथ साथ उनको मुफ्त किताबें भी दी गई।

## चंदन तिलक के साथ किया छात्रों का स्वागत



**भिवानी।** नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत के साथ ही प्रदेश भर के सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में सोमवार को प्रवेश उत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। हनुमान ढाणी स्थित विवेकानंद हाई स्कूल में गीता पाठ के साथ हमारी परम्परा और हमारी संस्कृति के मुताबिक प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों का स्वागत पुष्प वर्षा एवं तिलकर लगाकर किया। अपने सम्मान से विद्यार्थी भी काफी खुश व नए उत्साह में नजर आए। विद्यालय संचालिका सावित्री यादव ने कहा कि प्रदेश भर में आज से नए शैक्षणिक सत्र का आगाज हो गया। नए सत्र में विवेकानंद हाई स्कूल में चंदन तिलक,रोली, मां सरस्वती पूजा अर्चना,गीता के आष्टादश श्लोक उच्चारण के साथ विद्यार्थियों का अभिनंदन किया गया है।

# युवाओं को दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ

- युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट ने नशा मुक्ति के लिए चलाया विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। युवाओं को नशे के प्रति जागरूकता अभियान चलाने की शपथ दिलाते हुए।

युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा महात्मा ज्योतिबा फूले धर्मार्थ ट्रस्ट के सहयोग से पिछले लंबे समय से नशा मुक्त भारत के तहत एक विशेष अभियान चलाया हुआ है। जिसके तहत देश भर में विभिन्न स्थानों पर जाकर युवाओं को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में महात्मा ज्योतिबा फूले धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश सैनी, खेमचंद वालिया व पर्यावरण प्रहरी विजय सिंहमार ने अयोध्या में युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाते हुए उन्हे नशे से दूरी बनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में सान्निध्य स्थानीय हनुमान जोहड़ी मंदिर के महंत बालयोगी महंत चरणदास का रहा। रमेश सैनी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को नशे को नशे के दुष्परिणाम बताना था, ताकि नशा मुक्त भारत के स्वप्र को साकार किया जा सकें। उन्होंने कहा कि देश की तरक्की एवं उत्थान में युवाओं की अहम भूमिका है, लेकिन आज युवा नशे की गर्त में फंसकर अपना व देश के भविष्य पर दाग लगा रहा है। युवाओं को चाहिए कि स्वर्णिम भविष्य के लिए स्वयं भी नशे से दूर रहे ।

### नशा युवाओं के लिए अभिशाप : संदीप

नशा एक गंभीर बिमारी है। नशे की लत इंसान का जीवन बर्बाद कर देती है। आज का युवा वर्ग लगातार नशे की तरफ बढ़ रहा है। इसे रोकने के लिए सर्व समाज के युवाओं को आगे आकर प्रत्येक गांव में चौक एंव चौपालों पर जाकर युवाओं को नशा न करनी की शपथ दिलाई जाएगी। आज पैतृक गांव खरक कलां में नशा मुक्त अभियान के तहत धानक जनकल्याण मंच के प्रदेश अध्यक्ष संदीप खरकिया ने युवाओं के समक्ष कहे। उन्होंने कहा कि आज नशे की लत लगाातार बढ़ती जा रही है। इसे रोकने में प्रत्येक गांववासी सहयोग करके इस गंभीर बीमारी से छुटकारा पाया जा सकता है।

# वोट डालने के लिए किया प्रेरित

- जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नरेश नरवाल के निर्देशानुसार जिला में तैयार किया गया है स्वीप प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

लोकसभा चुनाव में जिला में अधिक से अधिक मतदान को लेकर जिला में स्वीप प्लान तैयार किया गया है। एडीसी हर्षित कुमार को स्वीप अभियान का जिला नोडल अधिकारी तथा प्रत्येक गतिविधि के लिए अलग.अलग नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी अपने.अपने संबंधित विधानसभा क्षेत्र में स्वीप अभियान को सही ढंग से अमलीजामा पहनाना सुनिश्चित करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल ने सभी नोडल अधिकारियों व संबंधित विभागों को स्वीप के तहत अधिक से अधिक गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश जारी हैं। उल्लेखनीय है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए अधिक से अधिक मतदान जरूरी होता है। यानि चुनाव में जितनी जनता की भागीदारी अधिक होगीए प्रजातंत्र उतना ही मजबूत होगा।

### जागरूकता के लिए आयोजित होंगे कार्यक्रम

इसी प्रकार से सिविल सर्जन द्वारा सीएचसी, पीएचसी व अन्य सरकारी चिकित्सा संस्थानों पर जागरूकता के लिए प्रचार सामग्री लगवाई जाएगी तथा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला खेल अधिकारी युवाओं को मतदान के प्रति जागरूकता के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाएगा। सीएससी के जिला प्रबंधक द्वारा जिला में प्रत्येक सीएससी या अटल सेवा केंद्रों पर जागरूकता सामग्री लगवाने के साथ.साथ वोटर कार्ड के लिए ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन के प्रति जागरूक किया जाएगा।

### गतिविधियां आयोजित करने के लिए दिया समय

जिला नोडल अधिकारी एवं एडीसी हर्षित कुमार की देखरेख में तैयार किए गए स्वीप प्लान के तहत विभिन्न कॉलेज व चौण बंसीलाल विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को लोकसभा चुनाव में मतदान करने को लेकर अपने.अपने कैंपस में सांस्कृतिकए खेलए डिबेटए क्विजए पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं व कार्यक्रमों आयोजन किया जाएगा। शिक्षण संस्थाओं को गतिविधियां आयोजित करने के लिए अलग.अलग समय दिया गया है।

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को लेकर निकाली रैली




**बहल।** जीडीसी मेमोरियल कॉलेज की एनएसएस इकाई की ओर से सुधीवास गांव में सात दिवसीय शिविर के छठे दिन महिला सशक्तिकरण पर केन्द्रित रहा। स्वयंसेवकों ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत रैली निकाली व लोगों को बेटी को शिक्षित कर सक्षम बनाने का संदेश दिया। सोमवार को कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने लोगों को योग से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेवकों ने योग का डेमो दिखाकर लोगों को स्वास्थ्य रक्षा के लिए प्रतिदिन योग करने की नसीहत दी। वहीं महिला सशक्तिकरण पर बल देते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरूषों से बराबरी पर है। शिक्षा, चिकित्सा, खेल, राजनीति सहित हर क्षेत्र में महिलाओं का अग्रणी योगदान देखने को मिल रहा है। स्वयंसेवकों द्वारा लोगों को जीवन में पेड़ पौधों का महत्व बताया और गांव के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर पौधरोपण किया।

# हर मतदाता करें मतदान:एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम



तोशाम। मीटिंग में दिशा निर्देश देते एसडीएम दलाल। फोटो : हरिभूमि

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने आमजन से लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की है। उन्होंने स्वीप टीम को शत-प्रतिशत मतदान के लिए योजना बनाकर अभियान चलाने के निर्देश दिए। एसडीएम सोमवार को उपमंडल भवन में स्थित कार्यालय में मतदान के प्रति जागरूकता अभियान को लेकर गठित स्वीप टीम की बैठक ले रहे थे।

एसडीएम ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में प्रत्येक मतदाता की मतदान करने की जिम्मेदारी है। मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी मतदाता बेझिझक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें तथा लोकसभा चुनाव में विशेष प्लान तैयार कर मतदान प्रतिशत बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों को स्वीप गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जाए।

उन्होंने कहा की कॉलेजों, स्कूलों, ग्राम पंचायतों, आंगनवाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य विभाग आदि में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाता बनने तथा वोट देने के लिए जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि नागरिक अस्पताल तोशाम सहित सीएचसी कैरू व मिरान, पीएचसी संडवा, बुशान आदि केंद्रों में एएलएम व आशा वर्कर्स की भागेदारी के साथ स्वीप कार्यक्रम किए जाएं। स्वीप टीम के सदस्य खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।




**बवानीखेड़ा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय में प्रवेश उत्सव व सम्मान समारोह में सम्मानित करते अतिथि। फोटो :हरिभूमि

## विद्यालय में हवन-यज्ञ के साथ प्रवेश उत्सव की शुरूआत

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय में प्रवेश उत्सव का आगाज हुआ। इस उत्सव से पहले प्राचार्या संतोष भाकर ने विद्यालय में हवन-यज्ञ करवाया। हवन-यज्ञ में पंडित एवं शिक्षक महेन्द्र कुमार ने मंत्रोचारण कर विद्यालय को पवित्र करने का कार्य किया और हवन की लपटें खुले आसमान को छूकर पूरे पर्यावरण को शुद्ध करने का कार्य कर रही थी। हवन यज्ञ में कार्यकारी बीईओ आनंद कुमार शर्मा, सुंदर अत्री सहित समूचा विद्यालय स्टाफ, एसएमसी सदस्य, विद्यार्थीगण मौजूद थे। समारोह में मंच संचालन प्रवक्ता नवीन कुमार, दीपाली प्रकाश ने किया। परीक्षा परिणाम में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में कस्बा के प्राथमिक पाठशालाओं के विद्यार्थियों को भी प्राचार्या, स्टाफ व सुंदर अत्री ने सम्मानित किया। वहीं कार्यकारी बीईओ आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि खंड बवानीखेड़ा के सभी राजकीय विद्यालयों में प्रवेश उत्सव मनाया है। सभी शिक्षकों को विद्यालय में छात्र संख्या में बढ़ोतरी करने के आदेश दिए हैं, जिसका असर दिखाई दे रहा है।

# निर्वतमान सांसद ने कैरू, ईशरवाल बापोड़ा व तोशाम मंडल की ली बैठक



**तोशाम।** सोमवार को निर्वतमान सांसद एवं भाजपा के भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी धर्मबीर सिंह ने तोशाम विधानसभा में कैरू, ईशरवाल, बापोड़ा व तोशाम मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक ली। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रत्येक मतदाता से मतदान करवाकर शत-प्रतिशत मतदान करवाने और अपने बूथ पर ध्यान देने की अपील की। तोशाम की पंजाबी धर्मशाला में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए धर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की कार्यशैली का कोई जवाब नहीं, वे देशहित में दिन-रात कार्य करने में लगे हुए हैं, जब से मोदी के हाथों में देश की बागडोर आई है तब से भारत देश विकसित देशों की तुलना में निरंतर प्रगति कर रहा है। इस दौरान भाजपा नेता अनिल शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता इसे लोकसभा का चुनाव न समझे, बल्कि एक पंच के चुनाव की तरह एक-एक मत का भाजपा के पक्ष में मतदान करवाएं। इस अवसर पर बीडीसी चेयरपर्सन प्रतिनिधि सोनू पंघाल, कुलदीप पायल, मास्टर अश्वनी महता, रामफल टाला, सुनील सुरा, पवन छपारिया, एडवोकेट अमित अलखपुरा आदि मौजूद रहे।

## शीतला अष्टमी पर महिलाओं ने की पूजा

**लोहारू।** सोमवार को लोहारू शहर में शीतला सप्तमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने अल सुबह श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर, पुराना शहर के माता शीतला मंदिर और अनाज मंडी परिसर में माता शीतला की पूजा अर्चना की। बता दें कि होली के त्यौहार के बाद चैत्र माह की कृष्ण पक्ष की सप्तमी व अष्टमी को माता शीतला की पूजा अर्चना की जाती है। माता शीतला के मंदिरों में भोर होने के साथ ही महिला श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। महिलाओं ने माता शीतला की जल, हल्दी और हलुवा-पूड़ी अर्पित कर अपने परिवार की सलामती की दुआ मांगी। समाजसेवी जगदीश जायलवाल ने बताया कि पुराना शहर के माता शीतला मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया गया।

### एक माह से पेयजल समस्या ने लिया विकराल रूप: क्षेत्रवासी

# पेयजल समस्या को लेकर महिलाओं का फूटा गुस्सा



भिवानी। पेयजल समस्या को लेकर विरोध जताती महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जैसे-जैसे गर्मी आ रही है, वैसे-वैसे शहर में पेयजल समस्या भी बढ़ रही है। पेयजल की समस्या गहराने के चलते नागरिक खासे परेशान है तथा बार-बार अधिकारियों से समाधान की गुहार लगाने के अलावा सड़कों पर उतरकर रोष जताने को भी मजबूर है, ताकि प्रशासन का ध्यान नागरिकों की समस्याओं की तरफ जाए तथा उन समस्याओं का समाधान हो, ऐसा ही मामला सोमवार को हनुमान ढाणी क्षेत्र में देखने को मिला, जहां पेयजल समस्या से परेशान नागरिकों का गुस्सा फूटा तथा रोष स्वरूप मटका फोड़ प्रदर्शन कर रोष जताया। इस दौरान क्षेत्र की महिलाओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि उनकी पेयजल की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे मतदान से किनारा करेंगी। प्रदर्शन कर रही बिमला, लक्ष्मी देवी, रेणु, अनिता, कैलाशो, मीना, सुमन, शीला, सुंदर, रामप्यारी, मंजू, आशा, पूजा, ललिता, मीना, पूजा, सरला ने बताया कि सैनीपुरा व सुगलान ढ़ाणी क्षेत्र में पिछले करीबन एक माह से पेयजल की समस्या ने विक्राल रूप ले लिया है तथा पेयजल समस्या इतनी गंभीर हो चुकी है उन्हें पानी की एक बूंद के दर्शन हुए कई-कई दिन बीत जाते है। उन्होंने कहा कि हैडपंप के खारे पानी के प्रयोग के चलते क्षेत्र में त्वचा की बीमारियां फैल रही है। महिलाओं ने कहा कि बार बार शिकायत देने पर समस्या का समाधान नहीं हो रहा।

**सूचना**

मैं, अभिनव पुत्र अमर सिंह निवासी वार्ड नं. 07 ढाणी धोलिया कुआ, लोहारु, तहसील लोहारु, जिला भिवानी (हरियाणा)-127201 बयान करता हूं कि मैंने अपना नाम अभिनव से बदलकर अभिनव जांगिड़ रख लिया है। भविष्य में मुझे अभिनव जांगिड़ के नाम से जाना जाए।

## खबर संक्षेप



### स्वीप टीम ने मतदान के लिए किया जागरूक

**चरखी दादरी।** दादरी विधानसभा क्षेत्र के गांव रानीला में स्वीप टीम द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत चौपाल में उपस्थित बुजुर्गों व युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए कम प्रतिशत मतदान वाले क्षेत्र में अधिकाधिक मतदान करने का आह्वान किया। मतदान टीम ने जागरूकता अभियान के अंतर्गत सोमवार को रानीला के बस स्टैंड, साहू पाना चौपाल, सुरजाण पाना चौपाल, छोटू नाथ आश्रम व खेल के मैदान में उपस्थित युवाओं व बुजुर्गों को मताधिकार व मतदान के प्रति जागरूक करते हुए 26 अप्रैल तक वोट बनवाने व 80 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्गों को घर से मतदान करने की बात कही।

### भाकियू का चुनावी चाय चर्चा कार्यक्रम 3 को

**लोहारू।** अलाउद्दीनपुर भूंगला में 3 अप्रैल को भाकियू द्वारा गांव की चौपाल में चुनावी चाय चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भाकियू के कार्यकर्ताओं और किसानों को बुलाया जाएगा। भाकियू के जिला प्रधान मेवासिहं आर्य और आजाद सिंह भूंगला प्रदेश सचिव ने संयुक्त ब्यान में बताया कि गांव चौपाल में किसानों की चुनावी चाय चर्चा पर बड़े बड़े फैसले लिए जायेंगे। उन्होंने बताया कि जिस सरकार ने किसान विरोधी काले कानून बनाकर तीन महीनों तक किसानों को सड़कों पर उतरने को मजबूर किया था।

### चुनाव आचार संहिता का करें पालन : एसडीएम

**लोहारू।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम अमित कुमार ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व आमजन से अनुरोध किया कि वे लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया को पारदर्शी व निष्पक्षकरवाने के लिए चुनाव आचार संहिता की पालना करें। उन्होंने ट्विटर, इंस्टाग्राम और फेसबुक आदि सोशल मीडिया प्लेटफोर्म ऐसी कोई सामग्री पोस्ट न करें, जिससे आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन हो। सभी राजनीतिक दल व चुनाव के इच्छुक लोग दॉ हरियाणा डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की पालना करें।

## अचानक यमुना के जलस्तर में हुई बढ़ोतरी

# पहाड़ी इलाकों की बारिश बनी नहरों की संजीवनी

### जुई, मिताथल फुल, सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी को मिला आधा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भले ही हरियाणा व आसपास के इलाकों में बारिश न हुई हो,लेकिन पहाड़ी इलाकों में हुई जबरदस्त बारिश का सीधा असर हरियाणा की सुंदर ग्रुप की नहरों पर पड़ा है। अचानक यमुना के जलस्तर में बढ़ोतरी होने की वजह से अतिरिक्त पानी सुंदर ग्रुप की नहरों में छोड़ दिया गया है। हालांकि तीनों नहरों को भरने लायक पानी नहीं है,लेकिन फिलहाल जुई व मिताथल फीडर फुल चल रही हे,जबकि सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में मांग के अपेक्षा आधा पानी चलाया जा रहा है। पर आधे पानी से भी जलघर के टैंकों को भरा जा सकेगा।

पहाड़ी इलाकों में आए पश्चिमी विक्षोभ की वजह से कई जगहों पर अच्छी बारिश हुई। बारिश का पानी बहकर यमुना तक पहुंच गया। जिसकी वजह से यमुना के जलस्तर में अच्छी खासी बढौतरी हुई है। पानी बढ़ने के बाद सिंचाई विभाग ने सुंदर ग्रुप की नहरों में अतिरिक्त पानी छोड़ दिया है। सुंदर ग्रुप की नहरें दूसरे सप्ताह में है। चूंकि पहले सप्ताह में इन नहरों को पर्याप्त पानी नहीं मिला था। पूरा पानी न मिलने की वजह से शुरू में जुई व मिताथल फीडर तथा बाद में सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी को बंद कर दिया था। जिसके चलते इन नहरों पर पड़ने वाले जलघर खाली रहे गए थे। बाद में सिंचाई विभाग ने जलघरों को भरने के लिए पानी की डिमांड भेजी थी,पर पानी पूरा नहीं मिल पाया। उसके बाद दादरी डिस्ट्रीब्यूटरी में पानी छोड़ा गया।



**भिवानी।** सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी सहित सभी नहरों में पहुंचा पानी।

### 1460 क्यूसेक मिला सुंदर ग्रुप की नहरों को पानी

बताते है कि यमुना में पानी बढ़ने व रोहतक जिले की नहरों का डिमांड कम होने की वजह से सुंदर ग्रुप की नहरों को दूसरे सप्ताह में 1460 क्यूसेक पानी मिल गया है। फिलहाल मिताथल फीडर में 850 क्यूसेक, मिताथल फीडर में 239 क्यूसेक तथा सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में 370 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। शाम तक ओर पानी बढ़ने की उम्मीद है। क्योंकि पहाड़ी इलाकों में बारिश होने की वजह से यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और उसकी वजह से सुंदर ग्रुप की नहरों में पानी छोड़ा गया है।

### राशनिंग से मिलेगा छुटकारा

दूसरे सप्ताह सुंदरग्रुप की नहरों में पानी मिलने के बाद अब घरों में पानी की सप्लाई की राशनिंग खत्म होने के आसार बन गए है। क्योंकि भिवानी शहर के बाहरी कॉलोनियों में बने जलघरों में तो पूरा पानी पहुंच गया है,लेकिन अभी पुराने जलघर में पूरा पानी नहीं पहुंच पाया है। जिसके चलते इस जलघर से पड़ने वाले इलाकों में अभी भी पीने के पानी की राशनिंग की जा रही है। बर्तन बाजार व अन्य इलाकों में एक दिन छोड़कर पीने का पानी दिया जा रहा है। कनिष्ठ अभियंता ताज ने बताया कि अभी पुराने जलघर में पर्याप्त पानी का स्टॉक नहीं हो पाया है। जिसकी वजह से कुछ इलाकों में पीने के पानी की राशनिंग की जा रही है। दो दिन पानी नहरों में चल गया तो पानी का पूरा स्टॉक हो जाएगा। उसके बाद पानी की सप्लाई की राशनिंग खत्म हो जाएगी।

# प्रवेश उत्सव पर हवन में दी आहुति

- बीके वमा विद्यालय में माता-पिता को नवीन पाठ्यक्रम से अवगत करवाने के लिए कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** बवानीखेड़ा के बीके वमा विद्यालय में कार्यशाला में संबोधित करते वक्ता।

बीके वमा विद्यालय में माता-पिता को नवीन पाठ्यक्रम से अवगत करवाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का संचालन करने वाले मनोवैज्ञानिक शिक्षक अविनाश कुमार व उनके सहयोगी वासुदेव रहे।

मनोवैज्ञानिक शिक्षक, परामर्शदाता एवं प्रशिक्षक अविनाश कुमार काफी लंबे समय से शिक्षा क्षेत्र में सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभिभावकों को बच्चों की क्षमता अनुसार कैसे समझे, बच्चों से बातचीत करें, उनकी समस्याओं को सुलझाएं, बच्चों की रुचि को समझें व उसी दिशा में उनको शिक्षित करें। उन्होंने अभिभावकों को कक्षा नर्सरी से दूसरी में लगाए गए नवीन पाठ्यक्रम एनसीएफ एलिमेंट, क्लास क्लैप यूफियस द्वारा प्रकाशित पुस्तकों के पाठ्यक्रम की अधिगम प्रणाली से प्रशिक्षित किया। प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा ने अभिभावकों का अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि एक विद्यार्थी के संपूर्ण विकास में जितना योगदान गुरु का होता है, उतना ही माता-पिता का भी होता है। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष जोगेंद्र जांगड़ा, सचिव योगेश शर्मा, वरिष्ठ संचालक योगेंद्र सिंह, कनिष्ठ संचालिका मंजू मलिक, मनीषा, हेमलता, रजनी, अनीता, अंजू, सपना, गीतिका आदि मौजूद रहे।

## स्वामी स्मरणानंद महाराज की स्मृति में त्रिवेणी लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

रामकृष्ण मिशन की स्थापना एक मई 1897 को रामकृष्ण के परमशिष्य स्वामी विवेकानंद ने की थी, जिसका मुख्यालय कोलकत्ता के बेलुड़ में है। मिशन दूसरों की सेवा और परोपकार को ही कर्म योग मानता है, जो हिंदु धर्म का महत्वपूर्ण सिद्धांत है, ये बात त्रिवेणी बाबा ने रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन के प्रमुख स्वामी स्मरणानंद महाराज की स्मृति में महम रोड स्थित नर्सरी के नजदीक त्रिवेणी रोपित करने के दौरान कहे।

उन्होंने बताया कि रामकृष्ण मिशन के प्रमुख स्वामी स्मरणानंद महाराज ने 26 मार्च को 95 वर्ष की आयु में महासमाधि ले ली थी। उन्होंने बताया कि यह त्रिवेणी हवलदार कांता नेहरा ने अपने जन्मदिन पर स्वामी स्मरणानंद को समर्पित कर रोपित की है। उन्होंने कहा कि किसी भी संत-महापुरूष की स्मृति में पौधरोपण की मुहिम को हम सभी को अपनाना होगा, ताकि संत-महापुरूषों का आशीर्वाद हमेशा स्वच्छ हवा के रूप में मिलता रहेगा।

इस अवसर पर चंद्रमोहन, प्रेम माली, नरेंद्र, मनीराम, संजय सैनी मौजूद रहे।

### राजकीय माध्यमिक विद्यालय में मनाया प्रवेश उत्सव

**भिवानी।** सरकार के निर्देशानुसार प्रदेशभर के सरकारी विद्यालयों में नए शैक्षिक सत्र की शुरूआत प्रवेश उत्सव के साथ की। इस दौरान फूल-माला एवं तिलक लगाकर विद्यार्थियों का स्वागत किया। इसी कड़ी में गांव गोविंदपुरा स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया। विद्यार्थियों का फूल-मालाओं व तिलक लगाकर मेहमानों की तरह स्वागत किया। इस मौके पर मिडिल हैड अनीता रानी ने कहा कि हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में विद्यालय में प्रवेश उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया।



**बहल।** ज्ञानकुंज स्कूल में नए सत्र पर हवन करते शिक्षक व विद्यार्थी।

## बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल में हवन के साथ नए सत्र का शुभारंभ

**बहल।** बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल में नए शैक्षणिक स्तर का शुभारंभ हवन के साथ हुआ। हवन में विद्यार्थियों, प्रबंधन समिति व स्टाफ सदस्यों ने पूणार्हुति देकर सत्र की कामयाबी व विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। निदेशक डॉ. एसके सिन्हा ने विद्यार्थियों को लगन व निष्ठा से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी। सोमवार को कार्यक्रम में प्राचार्य राजेश कुमार झाझरिया, उपप्राचार्या सरस्वती दीक्षित, समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी यज्ञमान के रूप में उपस्थित रहे। ज्ञानकुंज आचार्य धर्मेंद्र शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विद्यार्थियों के हाथों से आहुति दिलवाकर, विद्यार्थियों को तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा कर हवन यज्ञ संपन्न करवाया। प्राचार्य झांझरिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संसार में गुरु और माता-पिता का स्थान सर्वोपरि है।

# केआर स्कूल में वार्षिकोत्सव

- बच्चों की मुस्कान बुलंद हौसलों की है उड़ान : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

घोसियान चौक स्थित क ा धूमधाम से मनाया गया। उत्सव में बतौर मुख्यातिथि प्रबंधकारिी समिति व प्रसिद्ध समाजसेवी संजय अग्रवाल व उनकी धर्मपत्नी वीना अग्रवाल तथा श्रीनिवास व उनकी धर्मपत्नी ने दीप प्रज्वलित करके समारोह की शुरूआत की।

उत्सव में मुख्यातिथि संजय अग्रवाल ने कहा कि बच्चों की मुस्कान बुलंद हौसलों की उड़ान है। उन्होंने कह कि माता.पिता हमें पंख लगते है शिक्षक हमें उडऩा सिखाते है। जिसके बाद विद्यार्थी पर निर्भर रहता है कि वो कितनी उड़ान भर सकते है। उन्होंने कहा कि जि प्रकार पक्षियों को खुले आसमान की जरूरत होती है वैसे ही विद्यार्थियों को उड़ने के लिए शिक्षा की जरूरत होती है। विशिष्ट अतिथि विधायक घनश्याम सर्राफ व नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप ने कहा कि शिक्षा के साथ.साथ बच्चों को संस्कार देना भी जरूरी है। इस अवसर पर भारत माता मंदिर के महंत माई , हनुमान जोहड़ी मंदिर के महंत चरणदास , त्रिवेणी बाबा, शोरेवाला मंदिर के पंडित प्रदीप भारद्वाजए समाजसेवी डा. पवन बुवानीवाला, वैश्य महाविद्यालय के प्राचार्य संजय अग्रवाल,रेशा गुप्ता, मधु तंवर आदि मौजूद रहे।



**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि को सम्मानित करते हुए।

## हवन के साथ नवयुग स्कूल का नया शैक्षणिक सत्र शुरू



**चरखी दादरी।** मकड़ानी स्थित नवयुग स्कूल परिसर में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हवन व यज्ञ से किया गया। निदेशक अजय जाखड़ ने बतौर मुख्य यज्ञमान शिरकत की। स्कूल स्टाफ, विद्यार्थियों व अभिभावकों ने हवन में पुणार्हुति अर्पित की। विद्या की देवी मां शारदा से सभी विद्यार्थियों को अधिक से अधिक सुबुद्धि, सुख व समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई। स्कूल के मीडिया प्रवक्ता अंकित चाहार ने बताया कि संपूर्ण रीति रिवाजों से हवन व यज्ञ को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आचार्य सोमबीर ने संपन्न करवाया। निदेशक जाखड़ ने बताया कि हिंदू संस्कृति में प्रत्येक शुभ कार्य के आरंभ से पहले हवन व यज्ञ को अति महत्वपूर्ण माना गया है, इसके जरिए हमें प्रकृति व परमात्मा से इस कार्य की सफलता के लिए आशीर्वाद लेते है। इस अवसर पर स्कूल एकेडिम हैड दिनेश श्योराण, विवेक फौगाट, अंकित चाहार, सरिता फौगाट, पिंकी जांगडा, प्रीति फौगाट, एकता, ललिता, दिनेश मंढौली आदि मौजूद रहे।

### हर मतदाता करे मताधिकार का प्रयोग : एसडीएम

**तोशाम।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने आमजन से लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की है। उन्होंने स्वीप टीम को शत.प्रतिशत मतदान के लिए योजना बनाकर अभियान चलाने के निर्देश दिए। एसडीएम सोमवार को उपमंडल परिसर भवन में स्थित कार्यालय में मतदान के प्रति जागरूकता अभियान को लेकर गठित स्वीप टीम की बैठक ले रहे थे। एसडीएम ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्येक मतदाता की मतदान करने की जिम्मेदारी है। मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी मतदाता बेझिझक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने कहा की लोकसभा चुनाव में विशेष प्लान तैयार कर मतदान प्रतिशत बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों को स्वीप गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जाए।



### एचडी स्कूल में हवन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का आरंभ

**चरखी दादरी।** एचडी पब्लिक स्कूल बिरोहड़ के नवनिर्मित संस्कार सभागार में महन्त बिजेन्द्र नाथ के पवित्र सान्निध्य में हवन यज्ञ के साथ नए शैक्षणिक सत्र के आरंभ में प्रवेश उत्सव मनाया। इस शुभ अवसर पर निदेशक बलराज फौगाट, प्राचार्या नमिता दास एवं समस्त स्टाफ व बच्चों ने मां सरस्वती, बाबा रघुनाथ, बाबा जोतनाथ व बाबा हरिदास आदि समस्त देवी-देवताओं का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन अर्चन कर हवन में आहुति अर्पित की। निदेशक बलराज फौगाट ने उपस्थित अध्यापकों एवं विद्यालय परिवार से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को नए सत्र की बधाई दी। प्राचार्या नमिता दास ने कहा कि यह शैक्षणिक सत्र सभी विद्यार्थियों को उनके वांछित लक्ष्य की तरफ अग्रसर करें। उन्होंने कहा कि आज से ही हम सफलता प्राप्ति का संकल्प लें और अपने लक्ष्य को नए आयाम दें। उन्होंने अध्यापकों से आह्वान कि कि वे नए सत्र में प्रत्येक बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए अपने संकल्प को दोहराएं। यज्ञ पुरोहित शास्त्री हरिओम भारद्वाज ने मन्त्रोच्चारण के बीच यज्ञ की पूर्ण आहुति दी।

# शिविर में 40 लोगों ने किया रक्तदान

- जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनबूटी साबित होते है रक्तदान शिविर
- मानव सेवा करने का सवार्ेत्तम तरीका है रक्तदान

हरिभूमि न्यूज,भिवानी

जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान शिविर किसी जीवनबूटी से कम साबित नहीं होते। जरूरतमंद मरीजों तक रक्त पहुंचाकर उनकी जान बचाने की सोच के साथ पतराम गेट स्थित फूला देवी स्कूल में बदलाव वेलफेयर सोसायटी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे प्रहलाद राय बंसल, राजेश श्रीवास्तव उर्फ मीनू, महेंद्र सिंह ने रिबन काटकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया।

इस दौरान 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। मुख्अतिथियों ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया तथा उनका उत्साहवर्धन भी किया। रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए अतिथियों ने कहा कि देश में बहुत से मरीज ऐसे हैए जिन्हे समय पर रक्त ना मिलने के कारण उन्हे जान तक गंवानी पड़ती है। ऐसे में इस प्रकार के रक्तदान शिविर ऐसे ही जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनबूटी साबित होते है। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर में ना केवल रक्तदाता प्रशंसा के पात्र होते है, बल्कि शिविर के आयोजक भी प्रशंसा के पात्र है जो कि इस प्रकार की सराहनीय सोच के साथ चलते है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान जैसी मुहिम में बढ़.चढक़र भाग लेना चाहिए। इस मौके पर बदलाव वेलफेयर सोसायटी के प्रधान श्यामपाल ने कहा कि मानव सेवा करने का रक्तदान सवार्ेत्तम तरीका हैए क्योंकि रक्तदान कर हम किसी जरूरतमंद मरीज की जान बचा सकते है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से व्यक्ति के शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता और भी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि हमारे रक्तदान करने से किसी की जान बच जाती है तो इससे बड़ी पूजा व धर्म दूसरा नहीं हो सकता।



**भिवानी।** रिबन काटकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ करवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

निरीक्षण

## ऑटो मार्केट में सड़क के साथ बन रहा है फुटपाथ, 57 लाख रुपये होंगे खर्च

# पार्षदों ने निर्माण कार्य का किया निरीक्षण, जांची सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सोमवार को पार्षद सुभाष तंवर, पार्षद संदीप यादव ने ऑटो मार्केट में सड़क के साथ बन रहे करीब 57 लाख रुपये के फुटपाथ का निरीक्षण किया। पार्षदों ने निर्माण सामग्री भी जांची।

इस दौरान पार्षद सुभाष तंवर ने कहा कि निर्माण सामग्री में किसी तरह की कोई कोताही व ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। अगर ठेकेदार ने लापरवाही बरती तो उनकी शिकायत तत्काल सीएम कार्यालय में की जाएगी। इस दौरान पार्षद सुभाष तंवर ने क्षेत्र के लोगों के साथ मिलकर निर्माण सामग्री के नमूने भी देखे और खुद के अलावा क्षेत्र के लोगों से समय.समय पर निर्माण कार्य का निरीक्षण करने को कहा। इसके साथ उन्होंने ठेकेदार को पानी की निकासी के लिए रोड जाली लगाने की कही। ताकि बारिश व घरों से निकलने वाले पानी की सही ढंग से निकासी हो सके। उन्होंने बताया कि उक्त निर्माण कार्य किसी एक का न हो कर सभी क्षेत्र के लोगों का है। निर्माण कार्य में प्रयोग हो रही निर्माण सामग्री की जांच का जिम्मा सभी लोगों का है। बताते है कि ऑटो मार्केट में बन रहे फुटपाथ का लेवल सही नहीं था। जिसकी शिकायत क्षेत्र व ऑटो मार्केट के लोगों ने की थी। शिकायत के बाद पाष्रद सुभाष तंवर व पार्षद संदीप यादव मौके पर पहुंचे और उन्होंने ठेकेदार को बुलाया। इस पर ठेकेदार ने फुटपाथों का लेवल सही करने तथा किसी तरह की अनियमितता न होने देने का भरोसा दिलाया। इस दौरान उनके साथ सोनू गुर्जर, सुनील जांगड़ा, जोगेंद्र सिंह, राकेश पंवार, सुनील सांगवान, हेमंत शर्मा आदि मौजूद थे।



भिवानी। फुटपाथों के लेवल सही न होने की वजह से ठेकेदार से बातचीत करते पार्षद।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
कोचिंग के क्षेत्र का बड़ा नाम.....
आर्यन कोचिंग सैन्टर
'विश्वास का दूसरा नाम'
नये बैच शुरू
12th के बाद नौकरी-कॉमन बैच
CUET
S.S.C.
अग्निवीर
C.E.T.
रेलवे
N.D.A.
अनुभवी अध्यापक नोटस पैकेज शानदार रिजल्ट
पता : पारस वाली गली (च. दादरी) नजदीक बस स्टैण्ड
9416330206, 9050035973